# हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

## बारहवां सत्र

## लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

## बुधवार, 26 अगस्त, 2026/04, भाद्रपद, 1948 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री ].**

**कुल प्रश्न** - 21

----

**सेब उत्पादन**

1744 **डॉ0 हंस राज (चुराह):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या सरकार चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सेब के अतिरिक्त चेरी, अखरोट, नाशपाती एवं अन्य उच्च मूल्य वाली बागवानी फसलों को बढ़ावा देने हेतु कोई योजना बना रही है; यदि हां, तो फसलवार ब्यौरा दें;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक इस निर्वाचन क्षेत्र में बागवानों को आधुनिक बागवानी तकनीक, पौध संरक्षण एवं प्रूनिंग आदि का प्रशिक्षण देने हेतु कितने प्रशिक्षण शिविर लगाए गए; पंचायतवार एवं वर्षवार ब्यौरा दें; और

(ग) क्या सरकार इस निर्वाचन क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले प्रमाणित फलदार पौधों की नर्सरी स्थापित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; स्थानवार ब्यौरा दें?

----

## खराब बसें

**1745 डॉ0 हंस राज (चुराह):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला चम्बा तथा चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत हिमाचल पथ परिवहन निगम की कितनी बसें वर्तमान में संचालित हैं व कितनी बसें तकनीकी खराबी अथवा अन्य कारणों से लम्बे समय से बन्द हैं; रूटवार कारण सहित ब्यौरा दें?

----

## शिक्षकों की रिक्तियां

**1746 डॉ0 हंस राज (चुराह):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार जिला चम्बा सहित प्रदेश के सभी सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है?

----

## रिक्त पद

**1747 डॉ0 जनक राज (भरमौर):**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश के कृषि विभाग में एग्रीकल्चर एक्सटेंशन ऑफिसर के स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों का जिला एवं विकास खण्डवार ब्यौरा दें; और

(ख) प्रत्येक खण्ड में कितने पद कब से रिक्त हैं तथा इनको भरने हेतु कितने पदों की अधियाचना/ रिक्विजिशन भर्ती एजेंसी को भेजी गई है एवं कितनी लंबित हैं तथा यह पद कब तक भर दिए जाएंगे?

----

## परीक्षा केन्द्र

**1748 डॉ0 जनक राज (भरमौर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में विभिन्न विभागों एवं आयोगों द्वारा आयोजित ऑनलाइन भर्ती परीक्षाओं में चम्बा, भरमौर-पांगी सहित दूरस्थ एवं जनजातीय क्षेत्रों के अभ्यर्थियों को प्रायः 200—300 किलोमीटर दूर परीक्षा केंद्र आबंटित किए जाते हैं; यदि हां, तो गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक आयोजित ऑनलाइन भर्ती परीक्षाओं में जिलावार कितने अभ्यर्थियों को अपने गृह जिले से बाहर परीक्षा केंद्र आबंटित किए गए; विभागवार एवं

जिलावार ब्यौरा दें;

(ख) क्या सरकार प्रत्येक जिले में पर्याप्त एवं स्थायी ऑनलाइन परीक्षा केंद्र स्थापित अथवा अधिकृत करने का विचार रखती है, ताकि अभ्यर्थियों को अपने ही जिले में परीक्षा देने की सुविधा मिल सके; यदि हां, तो ब्यौरा दें; और

(ग) क्या सरकार दूरस्थ एवं जनजातीय क्षेत्रों के अभ्यर्थियों के हित में परीक्षा केंद्र आबंटन नीति में संशोधन तथा परीक्षाओं को यथासंभव कम शिफ्टों में आयोजित कर नॉर्मलाइजेशन के प्रभाव को न्यूनतम करने का विचार रखती है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

----

## सड़क सुविधा

1749 **डॉ0 जनक राज (भरमौर):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) भरमौर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत भरमौर-पांगी में ऐसे कितने राजस्व गांव हैं, जो सड़क सुविधा से वंचित हैं; विकास खण्डवार ब्यौरा दें;

(ख) क्या यह सत्य है कि इस निर्वाचन क्षेत्र के गिरड़, अहलमी, कलौंस, राम्बो, ग्राउंडी, भद्रा, कंडी, मिंद्रा, कलैला, कैला, मोरतू, समोट, सिरना,थोकला,लामू की गुवाड़, गरोला की गुवाड़, थल्ला, सुल्लो, अन्द्रला गांव तथा पांगी का कुलाल गांव सड़क सुविधा से वंचित हैं; यदि हां, तो प्रत्येक गांव हेतु प्रस्तावित सड़क का नाम, लंबाई, डी0पी0आर0/सर्वेक्षण, प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति एवं अद्यतन स्थिति का ब्यौरा दें; और

(ग) इनमें से किन-किन सड़कों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, नाबार्ड, राज्य योजना अथवा अन्य किसी योजना के अंतर्गत स्वीकृत करने का प्रस्ताव है तथा प्रत्येक सड़क का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ एवं पूर्ण करने की सरकार की कार्य योजना है; ब्यौरा दें?

----

## मंदिरों को धनराशि

1750 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक प्रदेश सरकार के अधीन आने वाले मन्दिरों को कब व कितनी धनराशि जारी की गई; मन्दिरवार व तिथि सहित धनराशि का ब्यौरा दें?

----

## सड़कों की मरम्मत

1751 **श्री मलेन्द्र राजन (इन्दौरा):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि लोक निर्माण विभाग के मण्डल इन्दौरा के अंतर्गत इन्दौरा–बड़ूखर, इन्दौरा–गंगथ, इन्दौरा–डमटाल (वाया कंदरोड़ी), डमटाल–भदरोआ–कंडवाल, मोहटली–सिरत, डाहकुलाड़ा–मंगवाल, सनिहाल–खंडा सड़कों के पैचवर्क एवं विशेष मरम्मत कार्यों को करवाने का सरकार विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो हेतु सरकार द्वारा धनराशि कब तक उपलब्ध करवाई जाएगी व इन सड़कों पर पैचवर्क एवं विशेष मरम्मत कार्य कब तक पूर्ण कर लिए जाएंगे; ब्यौरा दें?

----

## पौधरोपण कार्यक्रम

1752 **श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि लोगों की निजी भूमि पर पौधरोपण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं लेकिन इन पौधों की जीवित दर अपेक्षाकृत शून्य के बराबर है तथा स्थानीय लोगों द्वारा पौधरोपण के स्थान पर इस धनराशि का उपयोग बाड़बंदी/सुरक्षा कार्यों के माध्यम से अपनी कृषि भूमि को जंगली जानवरों एवं आवारा पशुओं से सुरक्षित करने की मांग की जा रही है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इस संबंध में वर्तमान योजना में आवश्यक संशोधन करके लोगों की इस मांग को कब तक लागू करने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण?

----

## निविदाओं का आमंत्रण

1753 **श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जल शक्ति विभाग द्वारा विभिन्न कार्यों की निविदाओं को आमंत्रित करने हेतु विभिन्न समाचार-पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित करवाने पर वर्ष, 2025 में कितनी धनराशि व्यय की गई तथा इस पर दिनांक 01.08.2026 तक कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है; और

(ख) क्या सरकार इस व्यय को कम करने हेतु समाचार-पत्रों में निविदा प्रकाशन के स्थान

पर कोई वैकल्पिक व्यवस्था लागू करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## पर्यटन स्थल

1754 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक कुल्लू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जिभी वाटरफॉल तथा कुल्ही की कटाड़ी (वीरा री आण) पर्यटन स्थलों से प्रवेश/अन्य शुल्क के रूप में कितना राजस्व प्राप्त हुआ; वर्षवार एवं स्थलवार ब्यौरा दें;

(ख) इन पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों हेतु उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा उन पर किए गए व्यय का ब्यौरा दें;

(ग) जिभी वाटरफॉल पर सार्वजनिक शौचालय सहित आवश्यक पर्यटक सुविधाएं उपलब्ध न होने के क्या कारण हैं तथा इन्हें उपलब्ध करवाने हेतु क्या कार्रवाई की गई; इन्हें कब तक उपलब्ध करवा दिया जाएगा;

(घ) उक्त पर्यटन स्थलों पर शुल्क वसूली की क्या व्यवस्था है; क्या विभागीय कर्मचारियों अथवा निजी/आउटसोर्स एजेंसी की सेवाएं ली जा रही हैं; यदि हां, तो एजेंसी का नाम, चयन प्रक्रिया, कर्मचारियों की संख्या एवं भुगतान का ब्यौरा दें; और

(ङ) क्या इन दोनों पर्यटन स्थलों के विकास हेतु कोई मास्टर प्लान/विकास योजना तैयार की गई है; यदि हां, तो प्रस्तावित कार्यों, अनुमानित लागत एवं समय-सीमा का ब्यौरा दें?

----

## एन0एच0-305

1755 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार)ः**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या एन0एच0-305 के घियागी-बंजार तथा बंजार-औट खंड को टू-लेन करने हेतु विभाग द्वारा दो अलग-अलग चरणों में डी0पी0आर0 तैयार की गई है तथा प्रत्येक डी0पी0आर0 कितनी धनराशि की है;

(ख) क्या उक्त दोनों डी0पी0आर्ज0 को संबंधित मंत्रालय/सक्षम प्राधिकारी को स्वीकृति हेतु भेजा गया है; यदि हां, तो प्रत्येक डी0पी0आर0 किस तिथि को संबंधित मंत्रालय को भेजी गई तथा उसकी अद्यतन स्थिति क्या है;

(ग) घियागी-बंजार तथा बंजार-औट टू-लेन परियोजनाओं की डी0पी0आर्ज0 में प्रस्तावित लागत कितनी है; दोनों खंडों की डी0पी0आर0 की स्वीकृत/प्रस्तावित धनराशि का अलग-अलग ब्यौरा दें; और

(घ) क्या इन दोनों डी0पी0आर्ज0 को स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है; यदि हां, तो स्वीकृति की तिथि एवं स्वीकृत धनराशि कितनी है; यदि अभी तक स्वीकृति नहीं मिली है, तो वर्तमान में मामला किस स्तर पर लंबित है; यदि लंबित है, तो कारण; सरकार द्वारा इस टू लेन की प्रक्रिया का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## गैस सिलेंडर

1756 **श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत राजगढ़ एवं सराहां क्षेत्र के लोगों को गैस सिलेंडरों की कमी का सामना करना पड़ रहा है; यदि हां, तो इस समस्या का समाधान कब तक कर दिया जाएगा?

----

## रिक्त पद

1757 **श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कृषि विभाग राजगढ़ में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत, कितने भरे गए व कितने रिक्त हैं, पदवार ब्यौरा दें?

----

## सड़क

1758 **श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़क मार्ग खनोटियों से बसाली का कितना कार्य पूर्ण हो चुका है व कितना शेष है; ब्यौरा दें?

----

## गिरी-बाता तटीयकरण

1759 **श्री सुख राम चौधरी (पांवटा साहिब):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दो वर्ष पूर्व पांवटा साहिब विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत गांव कुंडलियों में गिरी-बाता तटीयकरण का कुछ भाग क्षतिग्रस्त हुआ, जिससे किसानों की फसलों को

भारी नुकसान हुआ था; और

(ख) क्या सरकार क्षतिग्रस्त हुए तटीयकरण की मरम्मत करवाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## महंगाई भत्ता

1760 **श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 01 अगस्त, 2026 तक प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता कितने प्रतिशत लंबित है; क्या प्रदेश सरकार लंबित महंगाई भत्ते का शीघ्र भुगतान करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## फील्ड स्टाफ

1761 **श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर)**ः

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) बिलासपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जल शक्ति विभाग में कितना फील्ड स्टाफ कार्यरत व कितने पद स्वीकृत हैं; स्वीकृत पदों में से कितने पद वर्तमान में रिक्त चल रहे हैं, पदनाम एवं श्रेणीवार ब्यौरा दें; और

(ख) रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है तथा सरकार इन पदों को कब तक भरने का विचार रखती है?

----

## पुल निर्माण

1762 **श्री लोकेन्दर कुमार (आनी)**ः

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत डेढ़ वर्ष से दिनांक 01.08.2026 तक सरकार द्वारा औट में पुल के निर्माण हेतु क्या-क्या प्रावधान किए गए तथा इस हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत एवं व्यय की गई; वर्तमान में इस सड़क मार्ग के स्थान पर किस मार्ग से आवाजाही हो रही है?

----

## रिक्तियां

1763 **श्री लोकेन्दर कुमार (आनी)**ः

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत गमोग के तांदी, सरघा तथा

तिहणी पशु चिकित्सा केंद्रों में पशु चिकित्सकों के पद कब से रिक्त हैं व इन क्षेत्रों में पशु चिकित्सा सेवाएं किस व्यवस्था के माध्यम से दी जा रही हैं तथा रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; और

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत किन-किन पशु चिकित्सालयों/केंद्रों में पशु चिकित्सकों के पद कब से रिक्त चल रहे हैं, रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

----

## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खनाग

1764 **श्री लोकेन्दर कुमार** (आनी)ः

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खनाग में नौवीं, दसवीं, जमा एक व जमा दो में कितने विद्यार्थी हैं; इनमें शिक्षकों व गैर-शिक्षकों के कितने पद भरे तथा कितने रिक्त हैं; रिक्त पदों को सरकार कब तक भरने का विचार रखती है;

(ख) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुंगश के नए भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; इस हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत हुई व इसका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; और

(ग) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय निरमंड के विज्ञान प्रयोगशाला भवन हेतु कब व कितनी धनराशि स्वीकृत हुई व इसका कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; इसका कितना कार्य हो चुका है तथा कितना शेष है; ब्यौरा दें?

----

**शिमलाः 171004.** **यशपाल शर्मा,**

**22 अगस्त, 2026.** **सचिव**